कन्हैया मत कर जोरा जोरी

कन्हैया मत कर जोरा जोरी, राधा रूठ जाएगी,
राधा रूठ जाएगी, कल फिर ना आयेगी.....

कन्हैया पनघट पानी भरने, कल राधा आएगी,
तुम मत कर बरजोरी, घाघर फूट जाएगी,
कन्हैया मत कर जोरा जोरी.....

कन्हैया रास रचावण, राधा मधुबन आएगी,
तू ना बंसी बजा, वो सुध बुध भूल जाएगी,
कन्हैया मत कर जोरा जोरी.....

कन्हैया जमुना तीर पर नहाने, राधा भोर आएगी,
तू ना चीर चुरा, राधे को लाज आएगी,
कन्हैया मत कर जोरा जोरी.....

कन्हैया होली खेलन, राधा,सखियां साथ लाएगी,
तू ना रंग लगा, चुनर मोरी भीग जाएगी,
कन्हैया मत कर जोरा जोरी.....

कन्हैया छोड़ कर ना जा, राधा रह ना पाएगी,
रश्मि कहती है वो तो जोगन बन ही जायेगी,
कन्हैया मत कर जोरा जोरी.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29213/title/kanhaiya-mat-kar-jora-jori

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |